16.30 hrs.

RESOLUTION RE: TIBET

Mr. Speaker: The House will now take up the next Resolution standing in the name of Shri Shri Chand Goel, for which two hours have been allotted.

Shri P. K. Deo: *(Kalahandi):* Sir, may I suggest the time for this Resolution may be reduced from 2 hours to 1½ hours so that Shri Tapuriah may be able to move his Resolution today?

Shri Shri Chand Goel (Chandigarh) If that is the unanimous demand of the House, then I will bow to it.

Shri D. N. Tiwary (Gopalganj): When generally the demand is to increase the time, here is a demand for reducing the time allotted to a Resolution.

Shri M. L. Sondhi (New Delhi): Sir, may I suggest that the time for this Resolution should be increased?

Shri Ranga (Srikakulam): If we sit for one hour extra, we can take up the other Resolution today itself.

Mr. Speaker: We will see. Now, Shri Goel.

श्री श्रीचन्द गोयल : अध्यक्ष महोदय, मैं इस अपने प्रस्ताव को सदन के सामने रखता हूं जिस में यह मांग की गई है कि आज समय आ गया है कि भारत सरकार भारत में शरणागत के रूप में आये हुए लामा को तिब्बत का कांस्टीटयूशनल हैड, वैधानिक शासक स्वीकार कर के सब को सब प्रकार की सहायता और सुविधा प्रदान करे और तिब्बत जैसे महान देश को कम्युनिस्ट चीन के चंगुल से निजात दिलाने का प्रयत्न करे । अध्यक्ष महोदय, तिब्बत संसार का महान देश था और भारत के साथ इस की हर प्रकार की निकटता रही है । चाहे सांस्कृतिक क्षेत्र में, चाहे धार्मिक क्षेत्र में चाहे आर्थिक क्षेत्र में हर क्षेत्र में भारत के साथ इस की एकात्मता रही है । वास्तव में जब हम तिब्बत के इतिहास पर दृष्टि डालते हैं तो दिखाई देता है कि आज से ढाई हजार वर्ष पहले महात्मा बुद्ध के समकालीन कौशल वंश के राजा प्रसेनजित के पुत्र ने भारत से जाकर तिब्बत में राज्य स्थापित किया था और धीरे धीरे तिब्बत राष्ट्र उन्नतोन्मुख होता चला गया, *सब प्रकार से अपनी उन्नति करता चला गया ।* लेकिन किसी भी राष्ट्र के जीवन में उतार चढाव आते हैं । इतिहास ऐसा बताता है कि एक बार जब तातारियों ने तिब्बत पर आक्रमण किया तो उस समय चीन में मांचू राजवंश के राजा जो कि बौद्ध धर्म के अनुयायी थे उन का वहां पर राज्य था । उस समय तिब्बत ने चीनियों से सहायता मांगी और वह सहायता मिली । उस सहायता के मिलने के बाद जब तातारियों का मुकाबिला कर पाये उसके परिणामस्वरूप फिर चीन का एक एजेंट ल्हासा में रहने लगा । लेकिन यह इतिहास की पुरानी घटना है । उस के बाद अनेकों वर्ष का तिब्बत का जो इतिहास है वह स्वतन्त्रता का इतिहास है । तिब्बत हमेशा दूसरे देशों के साथ में स्वतन्त्र रूप से सन्धि करता रहा, स्वतन्त्र रूप से अपना सारा कारोबार करता रहा । अध्यक्ष महोदय, मैं ध्यान दिलाना चाहूंगा कि 1904 में ब्रिटेन ने तिब्बत के साथ ल्हासा सन्धि की थी चूंकि उन को तिब्बत में कुछ खतरा दिखाई देता था । परन्तु वह तिब्बत को भारत के लिए एक "बफर" स्टेट के रूप में समझते थे । अंग्रेजों ने अपनी सारी नीति भारत की सुरक्षा के लिये इस ढंग से बनाई थी, दूर दूर तक जाकर भारत के चारों तरफ ऐसी "बफर" स्टेट कायम की थी, इसलिये उत्तरी सीमा पर उन्हें दिखाई दिया कि कुछ गडबड़ है तो अपना मिशन भेजा और उसके बाद 1904 में एक सन्धि की । उस के बाद 1911 में जब चीन के अन्दर क्रान्ति आयी और मांचू राजवंश की हुकूमत चीन में समाप्त हो गई तो उस समय तिब्बत वालों ने भी जो चीनी सन्धियां थी या जो चीनी अधिपत्य था उस को समाप्त कर दिया था ।

[श्री श्रीचन्द गोयल]

इस के बाद मैं एक और ऐतिहासिक घटना की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूं। 1913–14 में शिमला कन्वेंशन, अर्थात् शिमला सम्मेलन हुआ जिस के अन्दर चीन का प्रतिनिधि, तिब्बत का प्रतिनिधि और भारत का प्रतिनिधि शिमला में एक मंच के ऊपर आकर बैठे। तीनों ने बिलकुल बराबरी के स्तर से, बराबरी के स्टेटस के साथ संधि के ऊपर हस्ताक्षर किए। लेकिन बाद में जब चीन ने इस प्रकार की पोजीशन ली कि अपने प्रतिनिधि के हस्ताक्षरों की मान्यता देने से इन्कार किया तो इस संधि के अनुसार अगर उन का कुछ थोड़ा बहुत आधिपत्य बाकी था तो उस का हक भी उन्होंने स्वयं नष्ट कर दिया, स्वयं खो दिया।

मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि हमें इतिहास की उस घटना पर गम्भीरता से विचार करना पड़ेगा कि जिस समय चीन में कम्यूनिस्टों की हुकूमत कायम हुई तो हमारे लिए चिन्ता की घड़ी पैदा हुई उस समय भारत के कर्णधारों को इस बात का विचार करना चाहिए था कि अब चीन की स्थिति बदल गई है। चीन के साथ जो हमारे मैत्री के संबंध थे उस के दो कारण थे। एक कारण तो था भौगोलिक दूरी। चूंकि तिब्बत बफर स्टेट के रूप में हमारे और इन के बीच में था और दूसरे उन की यह भी विचार करना चाहिए था कि चीन के साथ हमारी जो सांस्कृतिक एकता थी वह महात्मा बुद्ध के आदर्शों के प्रचार के कारण पैदा हुई सांस्कृतिक निकटता थी लेकिन जिस समय कम्यूनिस्टों की हुकूमत कायम हो गई तो हमें यह पहचान लेना चाहिए था, कोई भी राजनीतिज्ञ जो थोड़ी बहुत भी दूरदर्शिता रखता है जो इस बीस पचास साल आगे की बात सोच सकता है उस की समझ में यह बात आ जानी चाहिए थी, कि जो चीन की और हमारी पिछली मैत्री थी उस का आधार समाप्त हो चुका है। कहावत है, एक तो करैला और दूसरे नीम चढ़ा। पहले से ही चीन एक विस्तारवादी मनोवृत्ति का देश था। आज मुझें हैरानी होती है, जब मैं नेहरू जी की उस समय की स्पीचेज को याद करता हूं, उस समय जब यह कहा जाता था कि चीन हमें धोखा देता, चीन एक विस्तारवादी देश है, एक एक्सपैंशनिस्ट कन्ट्री है, जो नेहरू जी कहते थे कि चीन तो विस्तारवादी मनोवृत्ति का देश है ही नहीं। मगर में बताना चाहता हूं कि चीन का जो इतिहास है उस को गौर से पढ़ा जाय तो हमें पता चलता है कि शुरू से ही चीन एक विस्तारवादी देश रहा है, चीन का क्षेत्रफल जब चीन अपनी प्रसिद्ध चीन की दीवार तथा समुद्र से घिरा था तो केवल 10 लाख वर्ग मील था। लेकिन पिछले ढाई हजार वर्षों में इस ने अपना क्षेत्रफल 26 लाख वर्गमील बना लिया है, ढाई गुना के करीब अपना क्षेत्र बढ़ाया है लेकिन जिस समय आठ लाख वर्गमील के क्षेत्रफल का तिब्बत उस में शामिल हो गया तो इस का क्षेत्रफल 30 लाख वर्गमील से भी ज्यादा हो गया। उन की आज आबादी भारत से डेढ़गुनी है। लेकिन चीन का रकबा भारत से तीन गुना है। आज जब यह दलील दी जाती है कि चीन को अपनी बढ़ती हुई आबादी के लिये कोई इलाका चाहिये, तो यह एक बिल्कुल थोथी और बोदी दलील है। उनका क्षेत्रफल आबादी की तुलना में पहले ही बहुत है–उनका विस्तारवाद तो राजनैतिक है क्योंकि उन का क्षेत्रफल हमारे से तीन गुना है, परन्तु चीन एक विस्तारवादी देश है, शरू से उसकी इधर उधर पांव फैलाने की मनोवृत्ति रही है। साम्यवाद भी विस्तावादी है। साम्यवाद का संसार में यह लक्ष्य रहा है कि संसार को अपनी लपेट में लें, अपनी विचारधारा संसार के देशों में फैलाये इसी लिये चीन में कम्यूनिस्टों की हुकूमत कायम होने के बाद हमें यह विचार करना चाहिये था कि साम्यवाद का उत्तर ध्रुव तक विस्तार हो गया है, तथा

इसी प्रकार से एटलांटिक सागर से शनत महासागर तक वहां और आगे बढ़ने की गुंजाइश नहीं है, गुन्जाइश केवल दक्षिण में है । ऐसी स्थिति में दक्षिण की तरफ भारत उसकी लपेट में आयेगा, नेपाल उसकी लपेट में आयेगा, सिक्किम और भूटान उसकी लपेट में आयेंगे, दूसरे जो इसी प्रकार के वैस्ट एशिया के देश हैं, वे उसकी लपेट में आयेंगे । लेकिन उस समय हम ने हकीकत से आंखें मूंद लीं । सरदार पटेल कहा करते थे कि अगर कोई भी राष्ट्र हकीकत से, सच्चाई से आंखें मूंदता है तो समय उस से बदला लेगा, और उस ने वह बदला लिया । हम ने उस समय सच्चाई को नहीं पहचाना कि चीन के साथ अब हमारी मैत्री नहीं निभ सकती ।

जिस समय वहां पर साम्यवाद का साम्राज्य कायम हुआ, उसी वक्त से उन्होंने इस बात की उधेड़बुन शुरू कर दी कि वह किसी न किसी तरीके से तिब्बत पर अपना अधिकार जमाये, तिब्बत को हस्तगत करे, उसको अपने कब्जे में ले । मैं उस इतिहास की याद दिलाना चाहता हूं जिस समय एक श्रेष्ठ मिशनरी पैटर्सन भारत आया, बड़े दुर्गम रास्तों से भारत आकर वह नेहरू जी से मिला और उसने नेहरू जी को बतलाया कि तिब्बत पर चीन की कुदृष्टि है वह उसको अपने कब्जे में लेने का प्रयत्न कर रहा है । इसलिये तिब्बत की कुछ न कुछ सहायता करें । परन्तु तिब्बत की सहायता नहीं की गई । आज मैं बड़े दुःख के साथ कहना चाहता हूं कि उस समय उस ईसाई मिशनरी पैटर्सन ने बड़े पते की बात हमारे देश के हित में बताई थी और वह इस आशा से आया था कि भारत तिब्बत की सहायता करेगा और चीन के चंगुल से उसे बचा लेगा परन्तु उसकी बात की तरफ़ ध्यान नहीं दिया गया । उसकी बात को ठुकरा दिया गया । पैटर्सन ने अपनी एक किताब निकाली है उसमें उस ने इन सारी बातों का वर्णन किया है । मैं उसकी डिटेल में नहीं जाना चाहता, लेकिन मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि जिस समय यह स्थिति पैदा हुई, उस समय जो हमारे राजदूत श्री पाणिकर थे, उनका यह कर्तव्य था कि वह सारी सच्चाई, सारे हालात को भारत सरकार की दृष्टि में लाते, लेकिन उन्होंने अपने कर्तव्य का पालन नहीं किया । उन्होंने भारत को अन्धेरे में रखा । हमारी इस सरकार ने न सिर्फ भारत की जनता को अन्धेरे में रखा, बल्कि इस संसद् को भी उन्होंने धोखे में रखा । जिस समय वहां पर लम्बी लम्बी सड़कें बन रही थीं, दूसरी तैयारियां हो रही थीं, उनकी सेनायें हमारे क्षेत्र के अन्दर कभी लौंगजू पर कभी दूसरी जगहों पर आक्रमण करती थीं, और जब यहां लोक सभा में सवाल पूछे जाते थे तो यह कहा जाता था कि हमें उधर से कोई खतरा नहीं है । सरकार को तिब्बत के सम्बन्ध में पता कब चला ? सरकार को पता चला—24 अक्तूबर, 1950 को जिस समय पाकिंग रेडियो ने ऐलान किया कि चीन की जो लिब्रेशन सेनायें, मुक्ति सेनायें हैं, वे तिब्बत में बढ़ रही हैं । नेहरू जी के नोटिस में जब यह बात आई तो उन्होंने कहा कि लिब्रेशन सेनायें किससे मुक्ति दिला रही हैं, परन्तु प्रश्न का उत्तर मिलने से पहले ही तिब्बत चीन के कब्जे में आ चुका था । वह वहां पर कब्जा कर चुका था । उस समय हमारा यह कर्तव्य था कि हम तिब्बत का साथ देते । तिब्बत का बफर स्टेट के रूप में भारत की सुरक्षा की दृष्टि से कायम रहना निहायत जरूरी था ।

दूसरी बात जब 1947 में भारत से अंग्रेज चले गये, जो अंग्रेज सरकार के अधिकार उस समय तिब्बत में थे, उदाहरणार्थ हमारा अपना डाक-तार का सिलसिला वहां पर था, हमारे व्यापारी इन तिब्बत के बड़े बड़े नगरों में रहते थे, तिब्बत का सारा व्यापार भारत के साथ था, वे सारे अधिकार हमें प्राप्त हुए थे, तो हमारा यह कर्तव्य था कि हम

[श्री श्रीचन्द गोयल]

तिब्बत की हर प्रकार से मदद करते। लेकिन हमने क्या किया ? हमने तिब्बत की मदद नहीं की, हमने उस समय तिब्बत को इन चीनी भेड़ियों का भक्ष्य होते देखा, हर प्रकार से उसका बलात्कार होते देखा। आज भारत इस बात का दावा करता है कि संसार के सब राष्ट्रों को स्वतन्त्रता मिलनी चाहिये, अन्तर्राष्ट्रीय नियमों के अनुसार एक राष्ट्र दूसरे देश पर अधिकार नहीं कर सकता, लेकिन हम ने क्या किया ? अपनी आखों के सामने यह सारा दृश्य देखा और तिब्बत को चीन का भक्ष्य बनने दिया, हम ने उस की किसी प्रकार की सहायता नहीं की। जब उन्होंने सहायता मांगी, तो भी हमने सहायता नहीं दी।

जब महात्मा बुद्ध की 2500वीं जयन्ती मनाई जा रही थी, उस समय लामा यहां आये थे, वह नेहरू जी से मिले थे, उन्होंने उनसे प्रार्थना की थी कि आप हमारी सहायता करें, तब भी नेहरू जी ने उनको यह समझा बुझा कर भेज दिया कि हम चीन की साम्यवादी सरकार को लिखेंगे कि वह तिब्बत के इन्टरनल मामलों में दखल न दे। लेकिन आखिर में आपको याद होगा कि 1959 में जब तिब्बत की बहादुर जनता ने वहां एक जन आन्दोलन खड़ा किया, वहां के खम्पाओं ने तिब्बत की स्वतन्त्रता-प्राप्ति के लिये आन्दोलन खड़ा किया, क्योंकि स्थिति यह थी कि जब वहां पर रेल लाइन का निर्माण किया जा रहा था, तो 5 लाख तिब्बतियों को चीन ने संगीन की नोक पर रेल लाइन के निर्माण कार्य में लगाया था, हजारों लोगों को उस समय तलवार के घाट उतार दिया गया था। 60-70 हजार नौजवानों ने अपना बलिदान दिया था, इस कारण खम्पाओं ने वहां पर आन्दोलन खड़ा किया था। उस समय हमारा कर्तव्य था कि हम संसार के जनमत को जाग्रत करते, संसार में हम तिब्बत के पक्ष में राय कायम करते और ऐसे देश जो चीन के साम्राज्यवाद में अपने लिए खतरा देखते थे, जो उसकी लपेट में आ सकते थे, उनको एकत्र करते, वे हमारा साथ देते। संसार में अनेकों इस प्रकार के राष्ट्र हैं जो इस खतरे को महसूस करते थे। लेकिन हमने जो एक पुराना नारा अपनाया था—हिन्दी-चीनी भाई भाई, हमने जो पंचशील की सन्धि की थी, उसी कारण हम प्रेम की पींग को बढ़ाते रहे, हमने भारत की जनता को तिब्बत में वास्तविक रूप तथा महत्व से कभी अवगत नहीं कराया। उसके बजाय 1954 में पंचशील की सन्धि करके हम ने उस भूल को दोहराया तथा इसको कानूनी मान्यता दे दी।

Shri M N. Reddy (Nizamabad): I rise on a point of order. There is no quorum in the House

Mr. Speaker: The bell is being rung ..

Now there is quorum. The hon Member may continue.

श्री श्रीचन्द गोयल: माननीय अध्यक्ष महोदय मैं निवेदन कर रहा था कि हमने सब से पहली भूल तब की जब हमने तिब्बत का साथ नहीं दिया। उसके बाद जो कुछ तिब्बत में हुआ चीन का जो अधिकार हुआ था उस को कानूनी मान्यता देकर, पंचशील की मोहर लगा कर, हिमालियन ब्लण्डर की, हिमालय जैसी महान गलती की। पंचशील की अफीम के अन्दर हम ने सारे राष्ट्र की जो चेतना जाग रही थी, उसको सुलाने का प्रयत्न किया, राष्ट्र की उमड़ती देशभक्ति की भावना पर ठण्डा पानी डाल दिया, क्योंकि तिब्बत हम से यह आशा रखता था कि हम उसकी सहायता करेंगे, लेकिन हमने उसको कानूनी मान्यता न देकर, उस पर पंचशील की मोहर लगा कर, इतना बड़ा पाप किया है, इतना बड़ा दुष्कर्म किया है, कि उसके लिये देश कभी क्षमा नहीं करेगा, न भारत की जनता क्षमा करेगी और न तिब्बत

की जनता क्षमा करेगी, न इस प्रकार के जो संसार के छोटे और दुर्बल राष्ट्र हैं, जो सबल राष्ट्रों की ओर देखा करते हैं कि वे ऐसे समय में सहायता करेंगे, क्षमा करेंगे। यह पंचशील की जो संधि है मैं आज यह कहना चाहता हूं कि इस पंचशील की संधि की धज्जियां स्वयं चीन ने उड़ा दी हैं। इस पंचशील की संधि के अन्दर यह स्वीकार किया गया था कि तिब्बत के जो आन्तरिक मामले हैं उन में किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं करेगा लेकिन आज क्या स्थिति है? आज तो वहां के नक्शों के अन्दर भी जो पहले चीन का एक आटोनमस राज्य माना जाता था वह भी समाप्त हो गया। आज तिब्बत केवल चीन का एक मात्र प्रान्त बन गया है। उसका केवल एक सूबा बन कर रह गया है। जो आश्वासन तिब्बत को दिये गये, उनको निभाया नहीं गया। भारत और तिब्बत के बीच की सीमा मैकमोहन रेखा है वह सीमा तो पहले ही शिमला कन्वेंशन की संधि के अनुसार तय हुई थी। भारत चीन की सीमाएं, भारत तिब्बत की सीमा मैकमोहन रेखा स्वीकार की गई थी। क्या मैकमोहन रेखा के मुताबिक चीन ने हमारे साथ व्यवहार किया है? उस संधि के मुताबिक तो यह करार पाया था कि जो भी भारत के यात्री या व्यापारी हैं वह ही हिमालय की तराइयों में आ जा सकते हैं। इससे यह बात स्पष्ट थी कि हिमालय के परे का इलाका उनका है और हिमालय के इधर का सारा इलाका हमारा है लेकिन मैं आज निवेदन करना चाहता हूं कि चीन ने आज उस पंचशील की संधि की हर प्रकार से धज्जियां उड़ाई हैं, न उसने अपने आश्वासन को कायम रखा है और न अपने वचन को निभाया है जो उसने तिब्बत को दिया था न जो हमारे साथ उनकी रेखा तय हुई थी उसके ऊपर वह पाबन्द रहा। इसलिए मैं समझता हूं कि हम उसी पुरानी बात की रट लगाते रहें और उस पुरानी संधि के सिद्धान्त को लेकर चलते रहें तो इससे आज काम नहीं चलेगा। आज हमने देख लिया कि किस प्रकार से चीन ने हमारे साथ दुर्व्यवहार किया है, यहां तक कि जो हमारे वहां पर राजदूत हैं उनके साथ भी अनुचित व्यवहार किया है। हमेशा से चीन का इतिहास विश्वासघात का इतिहास है जैसा कि तिब्बत के साथ में बिलकुल बलात्कार का और भारत के साथ में बिलकुल धोखे का और आघात का इतिहास है। मैं यह समझता हूं कि आज हमें घोषणा करनी चाहिए बड़े बल के साथ घोषणा करनी होगी कि हम तिब्बत की स्वतन्त्रता को स्वीकार करते हैं। तिब्बत एक स्वतन्त्र राष्ट्र है। वह अपनी आजादी के लिए आज छोटी माला में क्यों न हो प्रयत्नशील हैं हमारे जैसे एक सिद्धान्तवादी आदर्शों पर चलने वाले राष्ट्र को आज उनका साथ देना चाहिए। आज जो दलाई लामा हमारी शरण में आए हुए हैं उनको वैधानिक शासक स्वीकार कर हमें यह घोषणा करनी चाहिए कि हम संसार के अन्दर तिब्बत की आजादी के लिए पग उठायेंगे, संयुक्त राष्ट्र संघ को भी इस बात के लिए विवश करेंगे। आज उस को सब प्रकार की ताकत बक्शेंगे। आज उस के पक्ष में संसार के अन्दर जनमत जाग्रत करेंगे और सब को इस बात के लिये तैयार करेंगे कि तिब्बत को एक स्वतन्त्र राष्ट्र के रूप में खड़ा करने के लिए संसार के बाकी राष्ट्र उसका साथ दें।

मैं आज यह निवेदन करना चाहता हूं कि पुरानी बातें नहीं चलेंगी। आज समय की यह मांग है, भारत की सुरक्षा नीति की यह मांग है, भारत के हितों की यह मांग है कि चीन के चंगुल से बचें, चीन के आक्रमण से बचें। आज चीन पूरे तौर पर अपनी तैयारी कर रहा है। आज नहीं, दो साल के बाद या पांच साल के बाद वह फिर आक्रमणकारी के रूप में आयेगा। आज अगर हमें अपने देश की रक्षा करनी है तो उसका एक ही उपाय है कि आज हम अपनी इस बफर स्टेट को फिर से कायम करें। संसार के दूसरे देशों का साथ उस के लिए

[श्री श्रीचन्द गोयल]

लें । उस के लिए सभी आवश्यक कदम उठायें । दुनिया के सब देशों ने जब भी कभी उनकी सुरक्षा का प्रश्न आया है, तो वह युद्ध में कूदे हैं, अपनी सुरक्षा की दृष्टि से इग्लैंड हालैंड देश की रक्षा करने के लिए, बेलजियम की रक्षा करने के लिए, चूंकि उसकी सुरक्षा का उससे सम्बन्ध था, पिछले 100 साल में दो बार वह युद्ध में कूदा । स्वयं चीन 1951 में उत्तर कोरिया के अन्दर जब संयुक्त राष्ट्र संघ की सेनायें कोरिया में बढ़ रही थीं, तो अपनी रक्षा के लिए वह उस युद्ध के अन्दर कूदा । इसलिए मैं समझता हूं कि हमारे हितों की भी यह मांग है कि आज हम अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तिब्बत को स्वतन्त्रता प्राप्त कराने के लिये उसे हर प्रकार की सहायता दें । मैं अन्त में जार्ज गिसबर्गस की "कम्युनिस्ट चाइना एंड तिब्बत" से एक कोटेशन हाउस में रख कर अपना भाषण समाप्त कर दूंगा ।

"In short, unless drastic steps are undertaken by New Delhi without delay, the outlook for a successful containment of Red China at the Indian-Tibetan border seems very dim—as dim as the hope once so fondly cherished by most foreign offices that Tibet's impossible landscape with some slight assistance from the Tibettan army would defeat any Chinese invasion. Should such countermeasures not be taken in time or in sufficient number, the repercussions could prove fatal for the free world's survival on the Asian continent. To paraphrase a well-known and undeservedly abused proposition of geopolitics, 'He who holds, Tibet dominates the Himalayan piedmont; he who dominates the Himalayan piedmont threatens the Indian sub-continent; and he who threatens the Indian subcontinent may well have all of South East Asia within his reach and with it, all of Asia.'

Mr. Speaker: Resolution moved:

"This House is of opinion that Dalai Lama should be recognised as the Head of the Emigre Government of Tibet and all facilities and help be extended to him by the Government of India to liberate Tibet from the colonial rule of Communist China".

श्री शिव नारायण (बस्ती) : अध्यक्ष महोदय, यह जो रेजोलूशन हाउस के सामने पेश किया गया है मैं उसका समर्थन करना चाहता हूं और उसका क्यों समर्थन करना चाहता हूं वह भी मैं आप की इजाजत से निवेदन करना चाहूंगा । हम ने जो पंचशील का नारा संसार को दिया था तो उसका अर्थ यही था कि प्रत्येक देश की सुरक्षा की हम जिम्मेदारी लें, उसकी मर्यादा की रक्षा करें और उसकी आजादी की मदद करें । हम स्वतंत्रता का मूल्य और कद्र भली भांति जानते हैं क्योंकि आज हम स्वतंत्र हैं लेकिन अभी थोड़े साल पहले तक हम अंग्रेज़ों के गुलाम थे और उस अंग्रेज़ों की गुलामी से छुटकारा हम ने अपने त्याग, तपस्या व बलिदान से पाया और हम भारतवासियों ने मिल कर उस गुलामी की जंजीरों को कटवाया । प्रोफेसर रंगा भी उसमें शामिल थे । भारत की आजादी की लड़ाई में सभी भारतवासी शामिल थे और सब लोगों ने मिल कर अपने त्याग व बलिदान से उन अंग्रेजों की गुलामी के जूए को उतार फेंका । "दिल जले फरियाद करते हैं तो आस्मां हिल उठता है ।" हम वह मुसीबत व कठिनाइयां जो हमें झेलनी पड़ीं उन्हें हम भूलेंगे नहीं । मैं ब्रिटिश वैस्ट इंडीज़ में पैदा हुआ । मैं वहां 14–15 वर्ष रहा लेकिन जब यहां गुलाम हिन्दुस्तान में आजादी की लौ जली और इस देश को गांधी और जवाहरलाल ने सोते से जगाया और उनको आजादी हासिल करने के लिए ललकारा तो सारे देशवासी उनके पीछ कंधे से कंधा

मिला कर खड़े हो गये और हमारे जैसे लोग भी जिनके दिल में आजादी की लगन थी वहां से भाग कर हिन्दुस्तान में आये और हिन्दुस्तान की आजादी के लिए उनकी लीडरशिप में लड़े और कुर्बानी दी। आजादी के दीवाने वहां भी थे और यहां भी थे और हम ने देखा कि इन करोड़ों भारतवासियों की कुर्बानियां रंग लाईं और इस देश को अंग्रेजी की गुलामी से नजात मिली और देश आजाद हुआ ।

यह ठीक ही कहा गया है :

"महिमा घटी समुद्र की रावण बसा पड़ोस" ।

पड़ोसी पर ज्यादा जिम्मेदारी है । सरदार स्वर्ण सिंह से मैं कहना चाहता हूं कि भारत तिब्बत का पड़ोसी है और आप सरदार हो, सिंह हो और इसलिए आप के डिफेंस मिनिस्टर रहते हुए जो भूल हम पहले कर चुके हैं वह हम फिर न करें। हम फिर से तिब्बत सम्बन्धी नीति पर विचार करें और उस भूल को समाप्त करें और मैं समझता हूं कि इससे सरदार पटेल की आत्मा को शांति मिलेगी। आज भी हमारे देश में ऐसे लाल मौजूद हैं जो अपनी भूल को ठीक कर सकते हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि सरदार साहब तो उस भूल को ठीक करेंगे ही। आज काले और गोरे लोगों के ब्लाकों में एक लड़ाई है और इसलिए यह एक बड़ा गम्भीर प्रश्न है। हम तो चाहते हैं कि जिस तरह से श्री राम ने विभीषण को शरण दी और रावण पर विजय पाने के पश्चात् लंका का राज्य श्री राम ने विभीषण को सौंप दिया वैसे ही दलाई लामा और अन्य तिब्बती लामा आज हमारी शरण में हैं और हमें अपने शरणागतों की श्री राम के समान रक्षा करनी चाहिए व उनकी मदद करनी चाहिए और जिस प्रकार लंका का राज्य पुनः विभीषण को श्री राम ने दिलवाया उसी तरह मैं चाहूंगा कि हम भारतवासी तैयार होकर उनकी खोई हुई आजादी को पुनः वापिस दिलायें । दलाई लामा को विभीषण के समान तिब्बत के ऊपर उनका खोया हुआ अधिकार पुनः वापिस दिलवायें । ऐसा किया जायेगा तभी चीन की बढ़ती हुई ज्वाला, उसका राक्षसपन, मिट सकेगा । इसको मिटाने में हम आप के सहायक होंगे, मददगार होंगे ।

17 hrs.

मैं माफी चाहता हूं यह कहने के लिये कि हमारे पुराने राजनीतिज्ञों ने बड़ी भूल की है। उस भूल का निराकरण आप को करना चाहिये। कहै कबीर जब ही चेता तबै सही। होनहार बिरवान के होत चीकने पात। अगर बेटा लायक हो और बाप की गलतियों को सुधार दे तो वह क्षम्य होता है। अगर हम ऐसा कर सके तो इतिहास में हमारी कीर्ति अमर होगी। पिछले दिन मैं इस देश के डिफेन्स की बात कर रहा था तब कहा था कि हमारे सरदार साहब बड़ी हस्ती हैं। लाल बहादुर शास्त्री ने बड़ी कुर्बानी की। वह ताशकन्द में मरे। वहां पर उन के साथ हमारे डिफेन्स मिनिस्टर और हमारे एक्स्टर्नल अफेयर्स मिनिस्टर मौजूद थे। हिन्दुस्तान के बच्चे बच्चे के दिल के अन्दर वह दर्दनाक चित्र आज भी जलन पैदा करता है, वह दुःख अभी भी बाकी है। वह जल्दी मिट भी नहीं सकता। इस लिए मैं चाहता हूं कि आज भारत यह तय करे कि हम तिब्बत के साथ भलमन्साहत का व्यवहार करें, उसकी मदद करें, धन, जन, बल हर तरह से उसकी मदद करें ।

इन चन्द शब्दों के साथ मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं ।

Shri D. N. Patodia (Jalore): Today, the House is reminded of a dark moment in the recent history, 17 years ago, on 7th October, 1950 when while the Tibetan delegation was negotiating with the Chinese ambassador in New Delhi; the Chinese on the other hand invaded Tibet. On that day a process of extermination of the

[Shri D. N. Patodia]

race, religion tradition and the nation of Tibet started. That process still continues. Tibetans had been dispossessed of their property; they were left with no job, they were not provided with adequate food and they were brought to the brink of death sometimes The most heinous crime that the Chinese have committed is that they have sterilised thousands of men and women in Tibet so that the race of Tibetans is extinguised from the earth. They have made every attempt to wipe out the religion of Tibet. Monastaries had been destroyed or converted into police headquarters of the Chinese police; the monks had been murdered or arrested or thrown out. This is an event of unparalled significance in the history of the world when one nation is trying to wipe out another nation, its race and religion. Genocide is being practised. It is equally shameful and equally unparallelled in the history of the world—the attitude of India. We had been instrumental and we had been a party to the domination of Tibet by China. Our attitude towards a neighbouring country, Tibet, will be remembered long. The neighbour trusted us and depended on us. There were close religious and cultural ties between India and Tibet. We have betrayed them; this is the reflection of our weak policy in order to please China who are very powerful, we forgot all our obligations and we forgot the old traditions of 2500 years ago. 2500 years back one person belonging to the kingdom of Kaushal went from India and established the kingdom of Tibet and from that day the historical and traditional tics between Tibet and India continued in addition to the religious, cultural and philosophical ties. We have forgotten all that. But now we realise what mistake we have done. Now we understand that by giving over Tibet to China we have surrendered the sovereignty not only of Tibet but we have made the biggest blunder which we could have made from the defence point of view. Prior to that, the launching ground of China from which they could have attacked our country was thousands of miles away, but now, after having given over Tibet, they are on our head, and our long borders are exposed to China day in and day out. This is the condition in which we are placed today, and Shri Lal Bahadur Shastri, our late Prime Minister, had admitted it in the course of one of his speeches on this point He said that, "China's object in annexing Tibet is clear today, it was to use Tibet as a base for launching an attack on India." Therefore, it explains that possibly the germs of the Chinese attack on our land in 1962 were sown as early as in 1950, when for the first time, the Chinese attacked Tibet

Now, I will come to the constitutional side of it. Various treaties, to which my friend Mr Goel has already, referred, were entered into sometimes between Britain and China, sometimes between China and Tibet and sometimes between Tibet and Britain All the same, until 1954, until the one treaty that was signed with our late Prime Minister Jawaharlal Nehru, in all the treaties, the suzerainty and sovereignty of Tibet was never questioned. The Chinese stayed in Tibet only as some sort of a privileged person, enjoying certain rights without in anyway affecting the autonomous status of Tibet, or without affecting the rights of Tibet. This could be proved by two or three events.

In 1876, in spite of the Chinese desire, the Tibetans did not permit the British Mission to visit Tibet. Again, during the World War II, as it is known to all of you, Tibet did not allow war materials to go to China *via* Tibet. These two illustrations are clear to show that the sovereignty was not only never doubted, but it was accepted and agreed to even by the

Chinese. Even against Chinese desire, Tibet could take action and protest, because, after all, a sovereign nation is always within its rights to act as it likes.

Coming to the treaty of 1951, in this treaty also, the sovereign rights of the Tibetans were recognised. In 1951, it was an agreement between China and Tibet, in which India was not a party, and, the autonomy and the sovereign rights of Tibet were recognised But for the first time, in 1954, when India was a party to it, we were responsible for the words put in the agreement We for the first time accepted the sovereignty and suzerainty of China over Tibet by saying that Tibet is a part of China After that, this chain started. After that history took a new turn, and China started to create trouble with the ultimate motive of attacking India.

But there was one safeguard put into the treaty of 1954 It was that there would be some corresponding action by the Chinese also: they will give full autonomy rights to Tibet; that they will not interfere with the internal affairs, with their religion, their way of life and with their system of government These were the basic agreements, which were arrived at, to which China, India and Tibet were a party But the Chinese never honoured this agreement. Possibly, even before the agreement was signed, China started violating it. Therefore, whether it is an international agreement or a national agreement or in whatever form it is, an agreement can always be only bilateral. It cannot be unilateral. Therefore, this agreement stands as a dead agreement. It has no validity, and if the Chinese have decided to violate it, we must also search our hearts and give a different thought to it. A very thorough enquiry in this connection was made by the enquiry committee set up by the International Commission of Jurists. I will read a passage from their report:

> "Throughout the period 1912 to 1950, the Government of Tibet exercised exclusive authority in domestic affairs within its territory. It successfully defended its territory against attack under the colour of a claim to sovereignty and *vis-a-vis* the Republic of China no act was committed or declaration made that compromised its internal independence."

This is the unanimous opinion given by the jurists That process which started in 1950 by the attack of China still continues. Things have not improved. All loyal Tibetans have been driven away and even massacred. The Dalai Lama, the spiritual Head of Tibet, fled to India with his followers. He does not have any means to defend his country. He depended upon India, but India has betrayed him, in whatever form it is. Therefore, it is time for us to think of the whole problem again

We should look at it from three different angles Firstly, from our defence point of view, it is necessary that Tibet is given independence and permitted to develop its own religion and way of life. Secondly, we should look at it from the humanitarian point of view. On humanitarian grounds, the people of Tibet should be permitted to live according to their own religion and way of life. They should have freedom of speech and freedom of living. Then we should look at it according to old traditions of history. I hope taking into consideration all these factors, wisdom will dawn upon the Government of India and they will recognise the Government of the Dalai Lama and denounce the treaty of 1954. We should render all possible help to the Dalai Lama and his followers to form a stable Government in Tibet. We should also withdraw the support we are giving in the United Nations for the admission of China. Relations with China must be broken. There is no reason why in spite of all that has happened, we should continue pampering them.

With these words, I support the resolution.

Shri J. K. Choudhury (Tripura West): Sir, it has been said that history has a nemesis for every sin, and the history of India since independence is replete with sins like the one we committed in the matter of Tibet. Of course, 20 years is not a very long time in terms of history, particularly in matters of cause and effect. Yet, it must be admitted that the 1954 treaty brought ultimately the Chinese invasion on us.

My predecessors speaking on this resolution have given many facts. To begin with, India had inherited certain rights from the British like postal connections, trade relations, keeping a small section of our military personnel there and such others. But we had also a very close connection with that country for thousands of years—cultural, historical and even religious. In one sense, the people of the entire northern zone of India in the southern Himalayas have very intimate relations with the Tibetans—ethnically and also in matters of religion and culture.

17.15 hrs.

[SHRI G. S. DHILLON *in the Chair*]

But, what did we do? As soon as the Chinese came into power after the independence of India, they attacked Tibet in 1950. We did not say anything at that time. In 1954, we were misled into believing that Tibet would be treated as a free autonomous region of China and entered into treaty with that country. They called it "autonomous religion of China"—that is the wording they used. They had to use it because in the 1914 Simla Treaty, which the Government of India has shown in maps and in many booklets they published, particularly of this *"Chinese Menace"*, the Chinese agreed to Tibet signing that treaty along with India as a separate power. It appears that India signed it or, rather, the British on behalf of India signed it and Tibet also signed it along with China.

And what did China do? She repudiated her signature in respect of *outer* Tibet soon after 1914. She did not repudiate the 1914 demarcation treaty held at Simla and signed by her representative, for the whole of Tibet. It was only the inner line that she agreed to respect. But for the outer line she had her reservations.

If even the inner line of Tibet remained under the Tibetan Government undisturbed by the Chinese that would act as a buffer State for India just as Outer Mongolia acts as a buffer State to Russia. But what happened? Throughout history it is a commonplace of foreign relations and protection of a country that everybody wants to keep a buffer, between a country and another which is at least as strong as it is. The British Government fought three wars with the Afghans, but even after defeating Afghanistan three times she used to pay subsidy to the Afghans because at that time it was the Russian menace that the Britishers in India feared most. In those days of British Empire international laws were regarded with much more sanctity than at present, So they thought the Russians, if they wanted to attack India in the North-West Frontier, would have to come through Afghanistan and they could not do it without breaking the international law. That law no longer holds good. The Germans in 1914 and Hitler later finished that by attacking Belgium before attacking France.

The MacMahon line was recognised in the 1914 treaty which was signed at Simla. It continued like that till 1954 when the Communist China's authority was recognised by India. Before that, of course, after the overthrow of the Manchu Dynasty by Sun Yat Sen in 1912. China was growing in power with many war lords in different parts of it. She was not a compact State even then, sprawling over 36-lakh square miles as now, coming just over our head in the Himalayas as she did in 1962. We gave away, we bartered away the liberty of Tibet and also our defence.

We paved the way for China to come up to the Himalayas and just below the passes on the other side to have her military installations and massing of troops and building of roads and other preparations. That paved the way for the 1962 attack on India. We now find ourselves in a difficult and tight corner. We are now terribly afraid, because, I have heard it said in this very House in connection with the embassy troubles that we desist from retaliation lest China should invade us again!

What were we afraid of in taking retaliatory measures against the Chinese Embassy here? An invasion from China? Well, if it comes really to that, that China will invade us as soon as we want to assert our rights, let her do so so. We should be determined either to conquer or to fall. It does not matter if even a single Indian is not spared the sword. That should be our attitude, though that may be called an irresponsible attitude.

